दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता



लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए स्थानीय संपादक इफ्तेखार उद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9977442619
9425442435

डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/21-23 RNI. No.MPHIN/2005/24545

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजगढ़ जिले का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र

दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता


लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए उप संपादक कमरूउद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9340636911
9425442435
आनंद एक्सीलेंस कॉलेज के सामने, वार्ड नं. 2, ब्यावरा (राजगढ़) मप्र

वर्ष-21 अंक- 286 (सांध्य दैनिक) राजगढ़, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रूपया

## आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी

● मधुबनी से पीएम मोदी ने दिया आतंकियों को कड़ा संदेश ● कहा-आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया

**मधुबनी (एजेंसी)।** पहलगाम अटैक के बाद गुरुवार को बिहार के मधुबनी पहुंचे पीएम मोदी ने कहा-पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी ने जीवन साथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़, कोई गुजराती था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा आक्रोश एक जैसा है। पहलगाम आतंकी हमले पर पीएम मोदी ने दुनिया को मैसेज देने के लिए मंच से अंग्रेजी में कहा,हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिलेगी। न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस संकल्प में एक है। मानवता में विश्वास रखने



वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा- 22 अप्रैल को जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में मासूम लोगों को जिस तरह से मारा है। उससे पूरा देश व्यथित है। उनके दुख में पूरा देश साथ खड़ा है। जिनका अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों इसके लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। स्पष्ट कहना चाहता हूं, हमला करने वालों को और उनकी मदद करने वालों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। पंचायती राज कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम ने मृतकों को मंच से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 'अपनी बात शुरू करने से पहले मैं आप सबसे एक प्रार्थना करना चाहता हूं। आप जहां हैं, वहीं अपने स्थान पर बैठे रहकर ही 22 तारीख को जिन परिवारजनों को हमने खोया है। उनको श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद मैं अपनी बात शुरू करूंगा।

● **गांव के विकास से ही देश का विकास होगा-** पंचायती राज कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी ने कहा कि,आज पंचायती राज दिवस के मौके पर पूरा देश मिथिला से जुड़ा है, बिहार से जुड़ा है। आज यहां देश के बिहार के विकास से जुड़े हजारों करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। आज राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर सिंह की पुण्यतिथि भी है। मैं उन्हें नमन कहता हूं। बिहार वो धरती है जहां से बापू ने अपने सत्याग्रह की शुरुआत की थी। उनकी सोच थी कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक भारत का विकास नहीं हो जाएगा। बीते दिनों में पंचायतों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए। 2 लाख से ज्यादा पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। साढ़े 5 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने। इससे कई दस्तावेज अब आसानी से मिल रहे हैं। गांव-पंचायतों में बड़ी समस्या जमीन विवाद की रही है। इसके समाधान के लिए जमीनों के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। बिहार देश का पहला राज्य था जहां महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया गया। मैं नीतिश जी का अभिनंदन करता हूं। बड़ी संख्या में आज दलित,पिछड़े , अति पिछड़े समाज के बेटियां सेवाएं दे रही हैं। यही लोकतंत्र में सबसे बड़ी भागीदारी है।

● **नीतिश बोले- आतंक के खिलाफ देश एकजुट-** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने कहा-2 दिन पहले आतंकी हमले में कई लोगों की मौत हुई है। ये घटना निंदनीय है। हमारे परिवार से साथ खड़े हैं। पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट है। नीतिश कुमार ने मंच से लोगों को कहा- प्रधानमंत्री जी ने इतना काम किया है। इनके लिए जोरदार तालियां बजाइए। 2005 में हमारी सरकार बनी। ये हमारे 20वां साल है। पहले पंचायतों का बुरा हाल था। कोई काम नहीं होता था। जब एनडीए की सरकार बनी तो साल 2006 में हम लोगों ने पंचायती राज और नगर निकाय के कानून में संशोधन किया। हमने महिलाओं को आगे बढ़ाया, 50 फीसदी आरक्षण दिया।

## पहलगाम हमले में मारे गए सुशील का अंतिम संस्कार

### इंदौर में पत्नी ताबूत से लिपटकर रोई,बुआ बोलीं-अब किसका इंतजार करूंगी मैं

**भोपाल।** पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले इंदौर के सुशील नथानियल का अंतिम संस्कार जूनी इंदौर कब्रिस्तान में ईसाई रीति रिवाज से किया गया। यहां परिजन, रिश्तेदार और दोस्तों के अलावा मंत्री तुलसी सिलावट, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव समेत कई लोग मौजूद रहे। इससे पहले सुशील की अंतिम यात्रा वीणा




नगर स्थित उनके घर से शुरू हुई। पार्थिव शरीर विशेष वाहन में नंदा नगर चर्च पहुंचाया गया। यहां प्रार्थना के बाद कब्रिस्तान के लिए रवाना हुआ। अंतिम यात्रा से पहले सुशील के घर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पत्नी जेनिफर उनके ताबूत से लिपटकर रोईं। पिता बदहवास नजर आए। सुशील की छोटी बुआ इंदू डावर की आंखों से आंसू रुक नहीं रहे थे। कांपती आवाज में बस एक ही सवाल बार-बार पूछ रही थीं, अब किसका इंतजार करूंगी मैं, बता मुझे। ये दृश्य देखकर मौके पर मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गईं। बेटे ऑगस्टिन ने बताया कि आतंकवादी कैमरे लगाकर आए थे और सेल्फी ले रहे थे। सुशील आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में पदस्थ थे।

## खालिस्तानी आतंकी मंगत सिंह अमृतसर से गिरफ्तार

● 30 साल से फरार था,25 हजार का ईनाम घोषित

**अमृतसर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधक दस्ते और साहिबाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने अमृतसर में छापेमारी कर एक खालिस्तानी आतंकवादी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आतंकवादी पिछले 30 वर्षों से फरार चल रहा था। सूचना मिलने के बाद यूपी एटीएस की टीम ने अमृतसर ग्रामीण पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद टिम्मेवाला गांव में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आतंकवादी की पहचान मंगत सिंह के रूप में हुई है, जो अमृतसर ग्रामीण में छिपा हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने खालिस्तानी



संगठन के सदस्य मंगत सिंह की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी मंगत सिंह पर वर्ष 1993 से हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और आतंकवादी गतिविधि एक्ट के तहत गंभीर आरोप दर्ज हैं। अधिकारियों के अनुसार, मंगत सिंह को पहली बार 1993 में गिरफ्तार किया गया था। दो साल जेल में रहने के बाद 1995 में उसे बेल दी गई थी लेकिन बाहर आने के बाद मंगत सिंह फरार हो गया। तकरीबन 30 सालों से वह फरार ही चल रहा था। यूपी पुलिस की तरफ से आरोपी मंगत सिंह की 30 सालों से तलाश चल रही थी। मंगत सिंह एक इनामी आतंकी था। यूपी सरकार ने मंगत सिंह आरोपी की गिरफ्तारी व सूचना देने वाले को 25 हजार इनाम देने की घोषणा कर रखी थी। यूपी पुलिस के रिकॉर्ड्स के अनुसार वह एक लूट और फिरौती के एक अन्य मामले में भी वांटेड था। मंगत सिंह का संबंध केसीएफ से भी सामने आया है।

## पाक से तनातनी के बीच भारत ने किया मिसाइल टेस्ट

● भारतीय नौसेना ने कहा-आत्मनिर्भर भारत के लिए गर्व का क्षण ● अरब सागर में नौसेना ने आईएनएस सूरत से दागी है मिसाइल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बीच भारत ने मिसाइल परीक्षण किया है। भारतीय नौसेना के डिस्ट्रॉयर आईएनएस सूरत ने अरब सागर में समुद्र की सतह के पास टारगेट को निशाना बनाया। भारतीय नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी। भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक टारगेट किया। भारतीय नौसेना ने एक्स पोस्ट में इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि ये हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ। आत्मनिर्भर भारत के लिए गर्व का क्षण है। पाकिस्तान की ओर से मिसाइल टेस्ट की जल्दबाजी के बीच भारतीय ने ये कार्रवाई की है। ऐसी खबरें थी कि पाकिस्तान कोई मिसाइल परीक्षण कर सकता है। इससे ठीक पहले भारत ने सख्त मैसेज देने की कोशिश की है। उधर, पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के पास 500 से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया। इस हमले में 28 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर सैलानी थे। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए और तख्तियां लेकर पड़ोसी देश के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की और पाकिस्तान पर भारत में आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में बीजेपी कार्यकर्ता भी शामिल थे। साथ ही 'एंटी-टेरर एक्शन फोरम' जैसे कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पहलगाम हमले के सिलसिले में दर्ज एफआईआर में पाकिस्तान का भी जिक्र है।

## खेती को लाभकारी बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री

● कहा-27 अप्रैल को इंदौर में आईटी और 3 मई को मंदसौर में होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव
● युवाओं की आत्मनिर्भरता व रोजगार और किसानों की आय बढ़ाने पर है सरकार का जोर

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। उद्योगों में निवेश प्रोत्साहन के लिए आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव और 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव मंदसौर में आयोजित की जा रही है। मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप प्रदान कर बिजली के बिल से बोझ से उन्हें



मुक्त करने के लिए भी कार्य कर रही है। किसान खेती की नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करें और नवाचारों से प्रेरणा लें, इस उद्देश्य से कृषि पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए। कॉन्क्लेव में गूगल, माइक्रोसोफ्ट, एनवीडिया, सीमेन्स-ईडीए, एएनएसआर, थोलोन्स, योट्टा, सीटीआरएलएस डाटा सेंटर्स, रैकबैंक, नेटलिंक, इफोबीन्स, डेटा इंजीनियस बॉस्टन इंडिया, प्राइमस पार्टनर्स, वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया, और कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन (केडीईएम) समेत अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टेक कंपनियों की भागीदारी होगी।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने बच्चे को कनाडाई मां को लौटाया

● कहा-विदेशी नागरिक भारत की अदालतों का गलत इस्तेमाल न करें

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने विदेशी नागरिकों को चेतावनी देते हुए अपने देश की अदालती प्रक्रिया से बचने के लिए भारतीय अदालतों का इस्तेमाल ना करने की बात कही है। यह टिप्पणी कोर्ट ने एक चार वर्षीय बच्चे की कस्टडी को लेकर चल रहे विवाद की सुनवाई के दौरान दी। यह याचिका एक कनाडाई महिला ने दाखिल की थी, जिसने अपने बेटे को भारत से वापस लाने की मांग की थी। न्यायमूर्ति मंजरी नेहरू कौल ने इस मामले की सुनवाई करते हुए यह अहम टिप्पणी की। दरअसल, इस बच्चे को बीते साल कनाडाई नागरिक पिता अपने साथ भारत ले आया था।



## शुभम की पत्नी योगी से बोली-कड़ा बदला चाहिए

● दो दिन से पति की शर्ट पहनी,फिर उसी से लिपट गई
● सीएम योगी बोले-ताबूत में यह आखिरी कील बनेगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चाचा नरेंद्र ने मुखाग्नि दी। पिता बगल में खड़े होकर रोते रहे। गुरुवार सुबह 11 बजे जब घर से ड्योढ़ी घाट के लिए शव यात्रा निकली तो पत्नी ऐशन्या चीख पड़ीं। पत्नी ने दो दिन से अपने पति की शर्ट पहन रखी थी। उन्होंने वह शर्ट उतारी, उसे सीने से लगाया, फिर फूट-फूटकर रोने लगीं। यह देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। इससे पहले, सीएम योगी ने शुभम को श्रद्धांजलि दी और घरवालों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान शुभम की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा- आतंकियों ने मेरे सामने ही मेरे पति को गोली मारी। योगी जी, हमें कड़ा बदला चाहिए। आप इसका बदला लो। यह कहते हुए वह रोने लगीं। सीएम योगी ने कहा- यह हमला आतंकवाद के ताबूत पर आखिरी कील होगा।

### एकटक पति की तस्वीर देखती रहीं पत्नी ऐशन्या

सुबह जब पार्थिव शरीर घर लाया गया, तो बगल में शुभम की तस्वीर रखी गई। इस दौरान पत्नी ऐशन्या पति की फोटो को एकटक देखती रहीं। वह बार-बार तस्वीर पर हाथ फेरती रहीं। वह कहती रहीं- मुझे गोली क्यों नहीं मारी। अब मैं किसके लिए जिंदा रहूं। मां शव के बगल में बैठी थीं। वह बीच-बीच में चीख पड़ती थीं। कहती थीं कि आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, तड़पा-तड़पा कर उन्हें मारा जाए। शुभम की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। लोगों के अंदर पाकिस्तान के प्रति गुस्सा था। उन्होंने 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए। कहा- पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। भारत को एक बार फिर सर्जिकल स्ट्राइक करनी चाहिए। पत्नी ऐशन्या ने रोते हुए आतंकी हमले की आंखों देखी सुनाई। उन्होंने कहा- मैं और शुभम मैगी खाने जा रहे थे।

## नई सोच के साथ जन सहभागिता के लिए हो प्रयासः राज्यपाल

● नागरिकों में पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायित्व की भावना समय की जरूरत

### राज्यपाल पटेल ने एप्को की 13वीं साधारण सभा की बैठक को किया संबोधित

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जन सहभागिता के लिए नवाचार और नई सोच के साथ प्रयास किए जाने चाहिए। पर्यावरण संतुलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से काफी चिंतन हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग अभी भी चुनौती बनी हुई है। आज आवश्यकता है कि हर व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायी बनाने के समन्वित प्रयास किये जायें। पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति समाज संवेदनशील हो। सामाजिक वातावरण हर व्यक्ति, समुदाय को पर्यावरण संतुलन के लिए सजग और सक्रिय बनाने वाला हो। बच्चे, बड़े सभी के दिल और दिमाग में अंकित हो कि पर्यावरण संतुलन और प्रदूषण नियंत्रण के लिए क्या किया जाना चाहिए, क्या नहीं किया जाना है। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को की 13वीं साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सरकार के कार्यक्रमों में जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर शहर है। लगातार 7 बार से देश का सबसे स्वच्छतम नगर की उपलब्धि नगर निगम के एकल प्रयासों का परिणाम नहीं है।



यह नगर निगम और इंदौर के नागरिकों के सहभागी प्रयासों का प्रतिफल है। नागरिकों का स्वच्छता आग्रह और स्वच्छता के प्रति जन चेतना की सक्रियता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने गुजरात के कच्छ इलाके के ग्रामीण विद्यालय के शिक्षक दम्पती की छोटी सी पहल से होने वाले बड़े बदलाव का उल्लेख किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल अस्पताल बरेली में डायलिसिसि सेवा शुरू होने से मरीजों को मिली राहत



**रायसेन (निप्र)।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के विशेष प्रयासों से सिविल अस्पताल बरेली में डायलिसिस सेवा प्रारंभ होने से बरेली और आसपास के क्षेत्रों के किडनी रोग से ग्रसित मरीजों को बहुत सुविधा हो गई है। अब मरीजों को डायलिसिस के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। मनकापुर निवासी 30 वर्षीय श्री जीतेन्द्र ठाकुर ने बताया कि वह किडनी रोगी है तथा उनका ट्रांसप्लांट मुम्बई के बाम्बे अस्पताल में हुआ था। कुछ समय बाद उन्हें डायलिसिस की जरूरत पड़ने लगी, जिसके लिए उन्हें बार-बार भोपाल जाना पड़ता था। लेकिन अब बरेली सिविल अस्पताल में ही डायलिसिस सेवा प्रारंभ होने से उन्हें बहुत सुविधा हो गई है। अब सप्ताह में दो बार डायलिसिस बरेली सिविल अस्पताल में ही करा रहे हैं। इसके लिए श्री जीतेन्द्र ठाकुर स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।

### जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे हैं जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य



**रायसेन (निप्र)।** प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य में प्राथमिकता में किये जा रहे है। जनसामान्य को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर जल संरचनाओं के संरक्षण किये जाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। इसी क्रम में बाड़ी जनपद के ग्रामों में स्व-सहायता समूहों की दीदीयों द्वारा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई की गई और ग्रामीणों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार जिले के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा जल संरक्षण व जल संचयन हेतु शपथ ली गई। शा.उ.मा.वि.बनगवाँ विकासखण्ड-साँची जिला-रायसेन में राष्ट्रीय जल मिशन अन्तर्गत समस्त छात्र-छात्राओं एवं समस्त शाला परिवार द्वारा जल संरक्षण व जल संचयन हेतु शपथ ÷जल शपथ÷ का आयोजन किया। जिले के शासकीय उ.मा.विद्यालय नूरगंज में जल ही जीवन है और जल संरक्षण विषय पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा चित्र बनाकर नागरिकों को जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया।

### जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे हैं जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य

**रायसेन (निप्र)।** प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन कार्य में प्राथमिकता में किये जा रहे है। जनसामान्य को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर जल संरचनाओं के संरक्षण किये जाने की शपथ भी दिलाई जा रही है। स्कूलों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जल के महत्व, जलवायु परिवर्तन के दुषप्रभाव और पौधरोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण और संवर्धन हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी प्रकार स्कूलों में भी जल संरक्षण विषय पर चित्रकलां, निबंध लेखन आदि गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## कलेक्टर ने योजना के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

# वृंदावन ग्राम योजना क्रियान्वयन संबंधी बैठक, जिले में 07 ग्राम किए गए हैं चिन्हित

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने वृंदावन ग्राम योजना क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में चिह्नित किए गए 07 वृंदावन ग्रामों में कृषि, पशुपालन एवं डेयरी, उद्यानिकी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग और विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के संचालन तथा कृषकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण, स्व सहायता समूह के गठन, पशुपालन, जैविक कृषि, दुग्ध उत्पादन इत्यादि के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया है। बैठक में बताया गया कि जिले के सभी सातों विकास खंडों के एक-एक ग्राम को वृंदावन ग्राम चिन्हित किया गया है जिनमें विदिशा विकासखंड में अहमदपुर, नटेरन में बिछिया, सिरोंज में अमीरगढ़, ग्यारसपुर में गुलरखेड़ी, लटेरी में मुरारिया, कुरवाई में मॉडल ग्राम बरखेड़ा लायरा और बासौदा में ग्राम गमाखर को वृंदावन ग्राम में सम्मिलित किया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि वृंदावन ग्राम योजना का जिले में सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन हो, इसके लिए चिन्हित किए गए सभी 07 ग्रामों के सचिव और सरपंचों की बैठक



आयोजित करें और 15 दिवस की समयावधि में सभी चिन्हित किए गए ग्रामों में संबंधित विभाग भ्रमण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने आजीविका मिशन के अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि इन ग्रामों में स्व सहायता समूह का गठन किया जाए। और नावार्ड की योजनाओं को भी शामिल करें। दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। किसानों के जॉब कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड बनवाएं। साथ ही साथ उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विभाग, उद्यानिकी और कृषि विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना में प्रत्येक किसान को लाभ दिलाए जाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामों में सोलर पंप योजना से हितग्राही लाभान्वित हो, इसके लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं को भी प्रेरित किया जाए। स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुद्रा लोन सहित आटा चक्की, कियोस्क सेंटर इत्यादि के लिए भी कार्य किए जाएं। इस बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री पंकज जैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।



## इको क्लब फॉर मिशन लाइफ अंतर्गत विद्यालयों में मनाया पृथ्वी दिवस

**बैतूल (निप्र)।** भारत शासन स्कूल शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार समस्त विद्यालयों में 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यालयों में गठित इको क्लब के माध्यम से फ्लोरा वनस्पति के लिये क्यू आर कोड नामक एक शैक्षिक पहल की शुरूआत की गई है, जिसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी कौशलों का विकास करना है जिसमें क्यू आर कोड निर्माण एवं डिजिटल संबंधी जानकारी प्रदान करना एवं विद्यार्थियों में उनके व्यवहार में परिवर्तन करके पर्यावरण के प्रति जागरूक, समर्थक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण को बढावा देना है। जिला परियोजना समन्वयक श्री जितेन्द्र भनारिया ने बताया कि मिशन लाइफ के अंतर्गत पृथ्वी दिवस पर की जाने वाली गतिविधियों का विवरण मिशन लाइफ पोर्टल 30 अप्रैल तक अपलोड करना है। इसके पूर्व विद्यालयों को मिशन लाइफ पोर्टल पर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। वर्तमान में मध्यप्रदेश में बैतूल जिले में सर्वाधिक 703 विद्यालयों द्वारा पंजीयन किये गये है। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों के समूह बनाये जाने है। उक्त समूह के द्वारा स्कूल परिसर एवं आसपास पार्क इत्यादि में उपलब्ध पेड़-पौधों का सर्वेक्षण कर सूची तैयार की जायेगी एवं पेड़-पौधों से संबंधित जानकारी एकत्रित कर डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जायेगा। प्रत्येक पेड़-पौधों के लिये स्थिर (स्टेटिक) क्यू आर कोड उत्पन्न करने के लिये मुफ्त ऑनलाइन क्यू आर कोड जनरेटर का उपयोग कर क्यूआर कोड जनरेट किया जायेगा। प्रत्येक पेड़ -पौधो के लिये अलग-अलग क्यू आर कोड जनरेट किया जायेगा तदपुरांत विद्यार्थियों द्वारा पेड़-पौधों पर क्यू आर कोड वाले लेबल चिपकाना होगा। इको क्लब फार मिशन लाइफ का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उनके व्यवहार में परिवर्तन करके पर्यावरण के प्रति जागरूक, समर्थक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित की जा रही अनेक गतिविधियां

**सीहोर (निप्र)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के



तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में 30 दिवसों के भीतर करें कार्यवाही : कलेक्टर

### कलेक्टर ने की जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित गतिविधियों की समीक्षा

**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा वाले विभागीय पत्रों और शासकीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण और त्वरित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में अपनी उच्च रैंक बनाए रखें। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने बैठक में निर्देश दिए कि नेशनल हाईवे तथा रेलवे सहित विभिन्न परियोजना के भू-अर्जन और मुआवजा वितरण का कार्य तेजी से करें, ताकि परियोजनाओं का काम जल्द शुरू किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन की कार्यवाही में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टे धारकों के फौती नामांतरण की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री बालागुरू के ने निर्देश दिए जिन गौशालाओं में अतिक्रमण है उनके अतिक्रमण हटाए जाएं। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सभी सीएमओ तथा जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के जल्द से जल्द शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी विभाग अपनी संपत्तियों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि समग्र पोर्टल पर सभी नागरिकों की ईकेवाईसी का कार्य जल्द से जल्द से पूरा किया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री नितिन टाले, श्री आनंद सिंह राजावत, एसडीएम श्री जमील खान, श्री तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुशवाह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी जनपद स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना के संबंध में निर्देश :** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 में अज्ञात वाहनों के सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में 30 दिवस की अवधि में कार्यवाही करने के पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि पीड़ित या मृतक के वैध परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान कर राहत दी जा सके। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रत्येक तीन माह में आवश्यक रूप से बैठक आयोजित कर जिले में प्राप्त दावा आवेदनों, उनके निराकरण तथा लंबित प्रकरणों सहित इनके लंबित रहने के कारणों की समीक्षा का प्रतिवेदन स्थाई समिति, सड़क परिवहन मंत्रालय नई दिल्ली भेजे जाएं।

## सहकारिता में नवाचार - जन औषधि केंद्रों की शुरुआत से आमजन को राहत




**बैतूल (निप्र)।** जिला बैतूल ने सहकारी क्षेत्र में नवाचार की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। ÷सहकार से समृद्धि÷ कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से जन औषधि केंद्रों की स्थापना कर जिले में सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाइयां आम जनता तक पहुंचाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। शुरुआत में जिले के 6 स्थानों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया, जिनमें से 3 केंद्र-चिल्कापुर, भैंसदेही और भीमपुर में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।

शेष तीन केंद्र बैतूल, आठनेर और मुलताई में शीघ्र ही प्रारंभ होने की योजना है। इन केंद्रों की स्थापना से जिले के नागरिकों को अब एलोपैथिक जेनेरिक दवाइयाँ बाजार मूल्य की तुलना में आधे या उससे भी कम दरों पर उपलब्ध हो रही हैं। इससे न केवल दवाइयों की सुलभता बढ़ी है, बल्कि गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों को आर्थिक राहत भी मिली है। जिला प्रशासन ने जन औषधि केंद्रों को स्वास्थ्य केंद्रों या अस्पताल परिसरों के पास स्थापित करने का निर्णय लिया ताकि नागरिकों को दवाइयां प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो। यह योजना सहकारिता विभाग और प्रशासन की समन्वित योजना का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला प्रशासन और सहकारिता विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जन औषधि केंद्रों से दवाइयाँ खरीदें, जिससे उन्हें सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता मिल सके।

### बिना अनुमति बोरवेल खनन करने पर एफआईआर दर्ज

**सीहोर (निप्र)।** सीहोर जिले शाहगंज निवासी दिनेश साहू की शिकायत पर शाहगंज के ग्राम बांसगहन में बिना अनुमति के बोरवेल खनन करने पर मशीन चालक प्रभुराम, सुपरवाईजर बालाजी एवं शाहगंज के ग्राम बांसगहन निवासी देवेंद्र सिंह के विरूद्ध शाहगंज थाने की बकतरा चौकी में बीएनएस की धारा 223 बी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इसके साथ ही बोरवेल मशीन को जब्त कर लिया गया है। शिकायत प्राप्त होने पर शाहगंज के नायब तहसीलदार श्री रीतेश जोशी, पटवारी एवं पुलिस बल के साथ ग्राम बांसगहन के किसान देवेन्द्र सिंह के खेत पर पहुंचे और खेत पर बोरवेल मशीन चलती हुई पायी गयी। अधिकारियों द्वारा बोरिंग मशीन के ग्रामीण सीमा में प्रवेश और बोरवेल खनन की अनुमति के बारे में पूछने पर पता चला कि बोरवेल मशीन के प्रवेश एवं बोरवेल खनन के लिए कोई अनुमति नही ली गई है। बिना अनुमति के बोरवेल खनन करने तथा ग्रामीण सीमा मे प्रवेश करने पर बोरवेल मशीन जब्त कर बकतरा पुलिस चौकी भेजी गयी है।

### घर बैठे नल से जल उपलब्ध कराने के लिए महिलाओं ने माना प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार

# जल जीवन मिशन से बदली ग्राम देवठान और बैतूल जिले की तस्वीर



**बैतूल (निप्र)।** गर्मी के मौसम में जब अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है, तब मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के ग्राम देवठान पंचायत टाहली में स्थिति बिल्कुल अलग है। यहां के लगभग 120 परिवारों को इस भीषण गर्मी में भी नियमित पेयजल मिल रहा है, और इसका श्रेय जाता है जल जीवन मिशन की सफल क्रियान्वयन रणनीति को। केवल देवठान ही नहीं, बल्कि पूरे बैतूल जिले में इस मिशन का व्यापक असर देखने को मिला है। जहां पहले हर वर्ष करीब 450 ग्रामों में पेयजल संकट उत्पन्न होता था, वहीं इस वर्ष 291 समस्याग्रस्त ग्रामों में पर्याप्त और नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

जिले के कुल 718 ग्रामों में नल से पर्याप्त पानी मिल रहा हैं। ग्राम देवठान की ज्योति यादव, इंदिरा यादव, मानिता यादव, रमती कुमरे इत्यादि महिलाओं ने बताया कि पहले उन्हें भीषण गर्मी में पानी लाने में काफी समस्या होती थीं। दूर नदी, तालाब या झिरिया तक जाकर पानी लाना पड़ता था। जिसमें शारीरिक कष्ट के साथ समय भी काफी लगता था। अब घर बैठे नल से पानी मिलने से बहुत आराम हैं। हम सभी महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और हमारे प्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति बहुत बहुत आभारी हैं। इस परिवर्तन के पीछे जिला प्रशासन की प्रभावी योजना, सतत निगरानी और विभागों के बीच बेहतरीन समन्वय रहा है। जिला कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में ग्राम पंचायतों और विभागीय ठेकेदारों को स्पष्ट लक्ष्य दिए गए, और नियमित रूप से उनकी प्रगति की समीक्षा की गई। विधुत विभाग से समन्वय स्थापित कर, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई ताकि जल वितरण में कोई बाधा न आए। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों को तकनीकी स्वीकृति शीघ्रता से प्रदान की गई, जिससे नलजल योजनाओं को समय पर सक्रिय किया जा सका। यह सफलता न केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण है, बल्कि यह दिखाता है कि जब नीति, समर्पण और योजना साथ चलती हैं, तो बदलाव संभव है। ग्राम देवठान और बैतूल जिले के ये गांव अब दूसरों के लिए प्रेरणा बन गए हैं।




## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के अध्यक्षता में गत दिवस खाद्य सुरक्षा प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के बेटवा सभा कक्ष में संपन्न हुई उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले में संचालित होने वाले खाद्य प्रतिष्ठानों व दुकानों इत्यादि पर विक्रय होने वाली खाद्य सामग्री किसी भी प्रकार से दूषित ना हो। ग्राहकों की सेहत को ध्यानगत रखते हुए इन सभी खाद्य प्रतिष्ठानों और दुकानों का सतत भ्रमण कर निरीक्षण किया जाए और नियमानुसार साफ-सफाई बनाए रखने और शुद्ध ताजा सामग्री ग्राहकों को विक्रय करने की समझाइश दी जाए। अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर द्वारा निर्देश दिए गए कि सैंपलिंग की कार्यवाही लगातार की जाए तथा सभी विभाग आपस में सामंजस्य स्थापित कर खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में अपना सहयोग प्रदान करें। सभी खाद्य कारोबारकर्ता खाद्य लाइसेंस, पंजीयन लेना अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना द्वारा विभाग के द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारियां प्रस्तुत की गई थी।

### जिले में फास्ट फूड और स्ट्रीट फूड पर खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती

**बैतूल (निप्र)।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन आयुक्त के निर्देशानुसार जिले में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जंक फूड, फास्ट फूड और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की सघन जांच की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।इसी क्रम में अभिहित अधिकारी बैतूल के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती मीना कुमरे द्वारा मंगलवार को शाहपुर स्थित मां माचना चौपाटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आदेश चार्ट सेंटर, बालाजी फुल्की चाट सेंटर, भानु फूलकी चाट सेंटर और नामदेव फुल्की सेंटर से कचौड़ी, समोसा, बड़ा, चाट और फुलकी जैसे खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़े दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने विक्रेताओं को हैंड ग्लोव्स पहनने के निर्देश दिए। इसके अलावा, दुकानों पर डिस्प्ले बोर्ड, रेट लिस्ट और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने फूड कलर और फूड एडिटिव्स के अत्यधिक उपयोग से होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और सलाह दी कि इनका प्रयोग न्यूनतम किया जाए। इससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनी रहती है और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर नहीं पड़ता।गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए निरीक्षण के दौरान प्रफुल्ल इंटरप्राइजेज एजेंसी से शीतल पेय फेंटा और स्प्राइट के तीन नमूने भी एकत्रित किए गए। सभी एकत्रित नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित

इन्दौर (निप्र)। जनसुनवाई की अवहेलना करने पर कठोर रुख़ अपनाते हुए कलेक्टर श्री आशीष सिंह के प्रस्ताव पर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी इंदौर श्रीमती सुषमा वैश्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रशासनिक दृष्टि से जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यों के सुचारू संचालन किये जाने हेतु कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा संयुक्त कलेक्टर श्री विजय कुमार मंडलोई को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है।

### एक जिला एक औषधि देवारण्य योजना के अंतर्गत कृषकों को स्टीविया औषधीय खेती पर दिया गया प्रशिक्षण

धार (निप्र)। मध्य प्रदेश राज्य औषधि पादप बोर्ड, आयुष विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. रमेश चंद्र मुवेल के नेतृत्व में देवारण्य योजना के अंतर्गत एक जिला एक औषधि थीम पर औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु आज जिले के सभी ब्लाकों में स्टीविया आधारित औषधीय खेती पर कृषकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा स्टीविया पौधे की कृषि तकनीक, औषधीय गुण एवं बाजार में इसकी मांग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया गया, जिसमें कृषकों को स्टीविया की गुणवत्ता, लाभ एवं उत्पादन तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें इस खेती के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और उन्होंने औषधीय खेती को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई।

### जनसुनवाई में आए कुल 75 आवेदन आए

धार (निप्र)। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, संयुक्त कलेक्टर जगदीश मेहरा, एसडीएम रोशनी पाटीदार, डिप्टी कलेक्टर सलोनी अग्रवाल ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस जनसुनवाई में कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जा हटवाने, मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ट्रायसिकल का लाभ दिलाने, होटल अधीक्षक को हटाने की मांग, ट्रांसफार्मर लगाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, राजस्व रेकार्ड में सुधार करने, भूमि का सीमांकन करने, मुआवजा राशि दिलाने, बिजली बिल माफ करने, समयामान वेतन एरिया राशि का भुगतान करवाने इत्यादि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

### कलेक्टर श्री सिंह ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया



उज्जैन (निप्र)। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार सुबह लोक निर्माण विभाग के का का निरिक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने नागझिरी दताना मार्ग (8.8 किमी), हरिफाटक से मुरलीपुरा मार्ग, लालपुल से चिंतामण मार्ग( 19 किमी), क्षिप्रा नदी पर निर्माणरत सेतु के नींव का कार्य, रिटेनींग वॉल का कार्य, सदावल हेलीपैड निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर श्री सिंह ने सड़क निर्माण के कार्य में बिजली के पोल सेंटर में, मार्ग के आस पास पौधारोपण, ड्रेनेज का कार्य आदि करने के लिए विभागों से समन्वय स्थापित कर समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने मल्टीपल फ्रंट पर कार्य की कार्ययोजना बनाकर प्रतिदिन के कार्य की मॉनिटरिंग, निर्माणरत ब्रिज के कार्यों पर विशेष ध्यान देने और बारिश के पूर्व सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री गौतम अहिरवार, सेतू निगम के उप यंत्री श्री रविन्द्र कटारिया व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**ग्राम पंचायत को लक्ष्य देकर योग्य व्यक्तियों को रूफटॉप रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करें - कलेक्टर**

# कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



खण्डवा (निप्र)। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सुकन्या समृद्धि योजना अन्तर्गत आयोजित किए जा रहे शिविरों की समीक्षा करते हुए बालिकाओं को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने नगर निगम उपायुक्त को निर्देश दिये कि पेयजल के लिए शहर में दिक्कत ना हो, पर्याप्त मात्रा में पीने के लिए पानी की व्यवस्था हो।

उन्होंने सभी सीईओ जनपद से कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था बनाये रखने के लिए जहां पेयजल की समस्या है ऐसे ग्रामों का चिन्हांकन कर वहाँ समस्या का हल करें। उन्होंने उपसंचालक कृषि से समर्थन मूल्य पर खरीदी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी तहसीलदारो को निर्देश दिए कि नरवाई जलाने पर चालानी कार्यवाही की जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी जनपद पंचायत सीईओ व नगर पंचायत सीएमओ को निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत को लक्ष्य देकर ग्राम के योग्य व्यक्तियों को रूफटॉप रैन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने समग्र से ई-केवाईसी के लिए सभी जनपद पंचायत, समस्त सी.एम.ओ. को कैंप लगाकर शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सही जनपद पंचायत सीईओ एवं सब इंजीनियर को निर्देश दिये कि कोई भी कार्य बिना पूर्ण हुए सीसी जारी नही करें व सहकारिता विभाग की समीक्षा कर उन्हें समितियों का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश दिये कि सेम और मेम बच्चों की सतत निगरानी करें और आवश्यकता होने पर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराये।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि लंबित पेंशन प्रकरण का समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान व 70 से अधिक वर्ष के आयुष्मान कार्ड की प्रग्रति की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी एसडीएम को 70 से अधिक वर्ष के आयुष्मान कार्ड की प्रग्रति की मॉनिटरिंग करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने सी.एम. हेल्पलाइन में लंबित दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपनी-अपनी ग्रेडिंग सुधारें। उन्होंने ग्रेड डी वाले विभागों को शीघ्रता से शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिए कि बोरगांव बुजुर्ग से मोरटक्का तक नेशनल हाईवे पर नये अतिक्रमण को हटाये जायें, ताकि सड़क दुर्घटना न हो।

## ग्राम माचल की 8.094 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग की होना पायी गई

इन्दौर (निप्र)। इंदौर जिले की ग्राम माचल टप्पा बेटमा तहसील देपालपुर की शासकीय भूमि एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर को आवंटित किये जाने के संबंध में आज संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री प्रदीप मिश्रा, एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक श्री हिमांशु प्रजापति, नगर तथा ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक श्री सुभाशीष बनर्जी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देपालपुर श्री राकेश मोहन त्रिपाठी, राजस्व उपायुक्त श्रीमती सपना लोवंशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक में बताया गया कि ग्राम माचल टप्पा बेटमा तहसील देपालपुर की शासकीय भूमि जिसका खसरा क्रमांक 472/3 रकबा 4.047 हेक्टेयर एवं 472/4 रकबा 4.047 हेक्टेयर कुल रकबा 8.094 हेक्टेयर भूमि राजस्व विभाग की पायी गई है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के निर्देशन में उक्त भूमि का सीमांकन राजस्व दल द्वारा गत 18 अप्रैल को एमपीआईडीसी तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति में कराया गया था। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग देपालपुर द्वारा विचाराधीन भूमि राजस्व अभिलेख अनुसार शासकीय होना बताया गया। सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग जिला धार द्वारा बैठक में स्पष्ट किया गया कि उपरोक्तानुसार भूमि पर यदि वन विभाग अपनी सहमति प्रदान करता है, तो मास्टर प्लान में निर्धारित भू-उपयोग हेतु अनापत्ति प्रदान की जा सकती है।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त भूमि आवंटन का जिला नजुल निवर्तन समिति के माध्यम से प्रस्ताव भिजवाया जाये।

# पोषण पखवाडे का समापन पोषण प्रदर्शन एवं पोषण संवाद से किया गया




धार (निप्र)। तिरला विकासखण्ड के ग्राम पाडल्या में मंगलवार को पोषण पखवाड़ा अन्तर्गत पोषण प्रदर्शनी एवं पोषण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों तथा क्षेत्र में खाये जाने वाले व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन कहा कि वर्ष 2025 में पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच आयोजित किया जा रहा है।

आज समापन दिवस के अवसर पर पोषण प्रदर्शनी के साथ में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। श्री जैन ने पोषण पखवाड़े में जीवन के प्रथम 1000 दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन के प्रथम 1000 दिवस में बुद्धि का लगभग 90 प्रतिशत विकास हो चुका होता है और यदि इन्ही दिनों में बच्चे पर ध्यान नहीं दिया तो उम्र भर तक उसका विकास प्रभावित होता है। 9 माह तक जब बच्चाी मां के पेट में रहता है तब उसको मां के आहार के साथ बच्चे का आहार भी ध्यान में रखना पड़ता है मां को पर्याप्त आराम की जरूरत पड़ती है। तिरंगा थाली जिसमें सब्जीब, रोटी, दाल और मौसमी एक फल होना जरूरी होता है जो बच्चे के संतुलित विकास के लिए आवश्यक है। परियोजना अधिकारी सत्यसनारायण मकवाना ने बताया कि मां की मनोस्थिति का सीधा असर बच्चे के दिमाग पर पड़ता ह अतरू मां को गर्भावस्था के दौरान हमेशा प्रसन्नीचित्त रहना चाहिए तथा सकारात्मक विचारों से पौषित विचार धारण करना चाहिए तथा सकारात्म,क व्यवहार करना चाहिए । ये सकारात्मकक्ताएं बच्चो के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

जब बच्चा जन्म लेता है तुरंत उसको आधे से एक घण्टों के अंदर मां का दूध जो कि अम्रत के समान होता है मिलना चाहिए। जितना देरी से मां का दूध बच्चे को मिलता है उतनी देरी से बच्चे के विकास को प्रभावित करता है। जन्म से 6 माह तक केवल मां का दूध ही बच्चे को देना चाहिए इसके अलावा कोई भी तरल पदार्थ बच्चे को नहीं देना चाहिए क्योंकि यह जहर समान होता ह। जब बच्चा 6 माह का हो जाता है तब उसको मां के दूध के अलावा उपरी आहार की आवश्याकता पड़ती है इसी अवधि में संतुलित उपरी आहार समय पर प्रारम्भ नहीं किया तो बच्चे के विकास में अवरोध पैदा हो जाता है और बच्चा कुपोषण की ओर चला जाता है। इसलिए यह अवधि बच्चे के विकास के लिए महत्वपूर्ण होती है जिसमें 6 माह से 2 साल तक मां के दूध के अलावा संतुलित उपरी आहार देना आवश्यक होता है। यह गतिविधियां विभिन्न विभागों के समन्वय से आंगनवाड़ी केन्द्र, सेक्टर, परियोजना एवं जिला स्तर पर की गई। पर्यवेक्षक राखी देवड़ा ने भी जानकारी दी कि व्यक्ति के जीवन में निरोगी काया एक चुनौती है जिसमें बचपन से लेकर बड़े होने तक व्यक्ति को विभिन्न जगह पर विभिन्न प्रकार का आहार लेना ही पड़ता है।

आवश्यकता इस बात की है कि जो भी व्यक्ति ग्रहण कर रहा है वह आहार शुद्ध है। आज की भागदौड वाली जिंदगी में व्यतक्ति अपने स्वास्थ्य के बारे में नहीं सोच पाता है और कई तरह की बीमारियों से घिर जाता है, अतः हमें स्वच्छ भोजन, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छत विचार धारण करें तो व्यक्ति कई बीमारियों से बच जाता है।

## जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर कड़ी कार्रवाई



इन्दौर (निप्र)। जिले में जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। श्री सिंह द्वारा आज आयोजित जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा वैश्य को निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि सोमवार को सम्पन्न हुई अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने सभी शासकीय अधिकारियों को जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि अधिकारी आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनें और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में कुल 250 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश आवेदन प्लॉट विवाद, संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद से जुड़े थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया। शेष प्रकरणों को तय समय-सीमा में निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जरूरतमंदों को इलाज, शिक्षा एवं रोजगार सहायता भी प्रदान की गई। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि जो प्रकरण मौके पर निराकृत नहीं हो सकते, उन्हें सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कर, समय-सीमा में सकारात्मक समाधान किया जाए। जनसुनवाई में आए हर आवेदन का फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी आवेदक को दुबारा परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपर कलेक्टर भी उपस्थित रहे।

## ग्राम इंगोरिया ब्लॉक बड़नगर में देवारण्य योजनान्तर्गत अश्वगंधा पर एक दिवसीय महिला किसानो का प्रशिक्षण इंगोरिया में सपन्न




उज्जैन (निप्र)। देवारण्य योजनान्तर्गत आयुष विभाग के तत्वाधान में औषधीय पौधों (अश्वगंधा)पर एक दिवसीय महिला किसानो का प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पंचायत भवन इंगोरिया में संपन्न हुआ। जिसमें 4 प्रमुख विषय कृषि संग्रहण, भण्डारण, प्राथमिक संस्करण एवं विपणन आदि पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह चौहान, उद्यान विभाग से श्रीमती प्रीति निरंजन, प्रभारी वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी, बड़नगर श्री प्रेम सिंह चौहान एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्री रविंद्र गन्धारे एवं जनप्रतिनिधि श्रीमती संध्या भटनागर, सरपंच प्रतिनिधि श्री नरेंद्र सिंह सोलंकी, पंचायत सचिव श्री प्रकाश चौहान, एवं श्री शुभम जायसवाल एवं श्री अर्जुन सिंह डोडिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह चौहान ने उपस्थित महिला किसानो को देवारण्य योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए औषधीय फसलों के लाभ के बारे में बताया साथ ही अश्वगंधा के बारे में बताया गया, उद्यान विभाग से श्रीमती प्रीति निरंजन द्वारा किसानो को अश्वगंधा के बीज, बुवाई एवं उत्पादन उपरांत दवाइयों के रूप में लाभ की जानकारी दी गयी, सॉलिडरिडाड संस्था से श्री शुभम जायसवाल द्वारा अश्वगंधा के बाजार भाव, मंडी, एवं लगने वाले मुख्य रोगो की जानकारी दी गयी संस्था से ही श्री रामबाबू लोधा द्वारा किसानो को अश्वगंधा की प्रति एकड़ बीज दर, बीजोपचार, उत्पादन, सिचाई, एवं बाजार हेतु ग्रेडिंग आदि के बारे में जानकारी दी गयी, अंत में उपस्थित महिला किसानो को प्रमाण पत्र एवं अश्वगंधा के पौधे देकर प्रशिक्षण का समापन किया गया।

## नागरिकों ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पृथ्वी माता की पूजा कर लिया जल बचाने का संकल्प

इन्दौर (निप्र)। इंदौर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान से बड़ी संख्या में लोग जुड़ने लग गये है। शहर हो या गांव सभी जगह जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और जल बचाने हेतु श्रमदान के लिये बड़ी संख्या में लोग आगे आ रहे है। भविष्य के लिये जल और जीवन बचाने हेतु लोगों में इस अभियान के प्रति बड़ा उत्साह देखा जा रहा है।

अभियान के तहत महू में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवनगर पिपलिया लोहार में खेड़ापति हनुमान आश्रम पर पृथ्वी माता की पूजा कर जल बचाने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर आश्रम के मुख्य साधक महामंडलेश्वर महंत श्री राजगुरु जी महाराज ने पांच देवी देवताओं -जन, जल, जंगल, धरती माता, गौ माता के संरक्षण करने के लिए संकल्प दिलाया। महाराज श्री राजगुरु जी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में संत समाज को भी आगे आना चाहिए जिससे समाज और देश को एक नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी श्री कैलाश अग्निहोत्री, ग्राम पंचायत शिवनगर की सरपंच श्रीमती दुर्गा अशोक जरिया, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक आरती बर्वे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह सोलंकी, श्री राधेश्याम विश्वकर्मा, श्री लक्ष्मीकांत आदि उपस्थित थे।

## जिला चिकित्सालय में दिया गया अग्नि शामक यंत्र को चलाने का प्रशिक्षण



खण्डवा (निप्र)। 21 अप्रैल से 26 अप्रैल तक फायर सेफ्टी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके सफल क्रियान्वयन हेतु मंगलवार को श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल द्वारा सभी नर्सिंग ऑफीसरों एवं अन्य स्टाफ को आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए मीटिंग आयोजन किया गया, जिसमें उनके द्वारा अग्नि शामक यंत्र को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया तथा विभिन्न प्रकार की आग जैसे बिजली, तेल, या कागजों और उनके लिए उपयुक्त अग्निशामक यंत्रों से नियंत्रण करना शामिल है। यंत्र के विभिन्न भाग जैसे पिन, नोजल, हैंडल की पहचान करना और उनके कार्यों को समझना तथा यंत्रों को सही ढंग से उठाने ले जाने और संचालित करने की तकनीकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नर्सिंग ऑफीसरों एवं अन्य स्टाफ से अग्निशामक यंत्र को चलाने का प्रैक्टिकल भी करवाया, ताकि आपातकालीन स्थिति में हर व्यक्ति इसका उपयोग कर सके। उन्होंने बताया कि यंत्र को चलाते समय सुरक्षित दूरी बनाए रखना और हवा की दिशा का ध्यान रखते हुए एवं (पी.ए.एस.एस.)पास का पालन करते हुए सर्वप्रथम अग्निशामक के शीर्ष पर लगी सुरक्षा पीन को खींचे, फिर नोजल को आग के आधार पर लक्षित करें, और बुझाने वाले यंत्र के हैंडल को दबाएं, उसके पश्चात नोजल को आग के आधार पर अगल-बगल घुमाएं। इस तकनीक का उपयोग करके आग बुझाने में कैसे सफल होना है, यह जानकारी देते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे दस्ताने मास्क पहने एवं आग बुझाने के दौरान खतरे की स्थिति के आंकलन करने और सुरक्षित निकासी के मार्ग की पहचान करने की क्षमता के बारे में जानकारी दी। उसके पश्चात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अस्पताल में अग्निशामक उच्चतम मानकों को बनाए रखने की शपथ ली गई। शपथ का वाचन महामारी विशेषज्ञ डॉ. योगेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. एम.एल. कलमे, डॉ. रंजीत बडोले, डॉ. शक्ति सिंह राठौड़, डॉ. दीपक पचोरे, मेट्रन बेशर वरिया, सेल्वी थॉमस, मैटर रचना ओड सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# उज्जैन के सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन का एक प्रमुख पर्व है पंचकोशी यात्रा



उज्जैन (निप्र)। उज्जैन, जिसे अवंतिका, कुशस्थली और उज्जयिनी जैसे पावन नामों से भी जाना जाता है, भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। यह नगरी विशेष रूप से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यहाँ की संस्कृति, इतिहास और ऐतिहासिक महत्व भी न केवल भारतीय बल्कि विश्वभर के धार्मिक अनुयायियों को आकर्षित करते हैं। हर वर्ष वैशाख माह में आयोजित होने वाली पंचकोशी यात्रा उज्जैन के सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन का एक प्रमुख पर्व बन चुकी है। यह यात्रा न केवल एक भक्ति यात्रा है, बल्कि आत्मा की शुद्धि, पापों के नाश और मोक्ष की प्राप्ति का साधन भी मानी जाती है। पंचकोशी यात्रा का आयोजन उज्जैन नगर के बाहर स्थित पाँच प्रमुख पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए किया जाता है, जिनकी परिक्रमा करके श्रद्धालु अपने जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से शुद्ध करते हैं। 'पंचकोशी' का शाब्दिक अर्थ है - पांच कोस अर्थात यह यात्रा लगभग 118 किलोमीटर की होती है। यह यात्रा पाँच दिवसीय होती है और हर दिन एक पवित्र स्थल के दर्शन कर श्रद्धालु वहाँ रात्रि विश्राम करते हैं, ध्यान करते हैं और साधना में लीन होते हैं। इस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु अपने जीवन के सभी नकारात्मक पहलुओं को छोड़कर शुद्धता और पुण्य की ओर अग्रसर होते हैं।पंचकोशी यात्रा में पाँच प्रमुख पड़ाव आते हैं, जहाँ श्रद्धालु रात्रि विश्राम करते हैं और विशिष्ट पूजा-अनुष्ठान करते हैं। हर एक स्थल का एक विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है, जो इसे और भी अधिक पवित्र बनाता है।नागचंद्रेश्वर मंदिर से यात्रा की शुरुआत होती है। यह वह स्थान है जहा से श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर और यात्रा निर्विघ्न पूर्ण होने का संकल्प और बल प्राप्त कर यात्रा आरंभ करते हैं।

श्रध्दालुओ द्वारा यहा पर भगवान को नारियल अर्पित कर यात्रा प्रारंभ की जाती है यात्रा पहला पड़ाव पिंगलेश्वर है। यह स्थान विचार, चिंतन, आत्मनिरीक्षण और साधना का केंद्र है। यहाँ का शांत वातावरण यात्रियों को भीतर से जुड़ने और अपने जीवन के उद्देश्य को समझने में मदद करता है। श्रद्धालु यहाँ ध्यान करते हैं, जप करते हैं और अपने जीवन के उच्चतम उद्देश्य की प्राप्ति के लिए साधना करते हैं। यह स्थान विशेष रूप से आत्मग्लानि और भ्रम को समाप्त करने के लिए प्रसिद्ध है। इसके पश्चात कायावरोहणेश्वर, बिलकेश्वर(अंबोदिया), दुर्धरेश्वर(जैथल), और नीलकंठेश्वर(उंडासा) प्रमुख पड़ाव स्थल और नलवा तथा केडी पेलेस उप पड़ाव स्थल होते है।यह यात्रा शरीरिक तप, मानसिक अनुशासन और आत्मिक शुद्धि का मेल है, जो प्रत्येक श्रद्धालु को एक बेहतर इंसान और भक्त बनने की प्रेरणा देती है। पंचकोशी यात्रा को महाकाल क्षेत्र की परिक्रमा माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस यात्रा को श्रद्धा पूर्वक करने से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से वैशाख मास में यह यात्रा अत्यंत फलदायी मानी जाती है। कई श्रद्धालु इसे व्रत के रूप में करते हैं - उपवास, मौन या माला जाप के साथ। यह यात्रा न केवल व्यक्तिगत मोक्ष की भावना से की जाती है, बल्कि परिवार की सुख-शांति और समाज की भलाई के लिए भी की जाती है। इसमें सेवा, समर्पण और अनुशासन का विशेष स्थान होता है।हर वर्ष प्रशासन द्वारा लाखों श्रद्धालुओं की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग पर व्यापक इंतजाम किए जाते हैं। इस वर्ष भी जिला प्रशासन और मंदिर समिति द्वारा निम्नलिखित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं: पेयजल और भोजन में यात्रियों के लिए हर पड़ाव पर निःशुल्क जल और शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था की गई है। कई सामाजिक संगठन इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवाओ में प्रत्येक पड़ाव पर प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। मोबाइल एम्बुलेंस और डॉक्टरों की टीम भी साथ चलती है। रात्री विश्राम की व्यवस्था में श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु स्कूल भवन, धर्मशालाओं में व्यवस्था की गई है। महिलाओं और वृद्धजनों के लिए विशेष सुविधा सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा और निगरानी के क्षेत्र में पुलिस बल, होमगार्ड और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है ताकि यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो सके।इस वर्ष यात्रा को और भी सुगम व पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील बनाने के लिए प्रशासन ने कुछ नई पहल की है:प्लास्टिक मुक्त यात्राः सभी यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे प्लास्टिक का उपयोग न करें। जगह-जगह पर कचरा पात्र और साफ-सफाई हेतु स्वयंसेवक लगाए गए हैं।धार्मिक मंच और भजन संध्याः प्रत्येक पड़ाव पर भजन मंडलियों द्वारा कीर्तन, रामधुन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इस यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की भावनाएं अत्यंत भावनात्मक और भक्ति पूर्ण होती हैं।





# एकादशी पर कई भक्त निशान लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे

## बाबा खाटू श्याम पर भक्तों की रही भीड़

**ब्यावरा।** श्री खाटू श्याम मंदिर में वरुथिनी एकादशी के पावन अवसर पर गुरुवार को भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर प्रबंधन ने इस विशेष दिन पर बाबा का भव्य श्रृंगार फूलों से किया। मंदिर परिसर को भी विशेष रूप से सजाया गया। सुबह की आरती से ही भक्तों का आना शुरू हो गया।

दोपहर और संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। एकादशी के अवसर पर कई भक्त निशान लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे। शहर के अलावा आसपास के गांवों और जिले भर से श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। अरनिया पुल के समीप स्थित इस मंदिर में हर एकादशी को भक्तों की भीड़ उमड़ती है। यहां जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर में परंपरागत रूप से एकादशी पर विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी ने भी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने नवनिर्मित मंदिर की वास्तु कला और साज-सज्जा की सराहना की। मंदिर का जायजा लेते हुए उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं की भी प्रशंसा की।

**वरुथिनी एकादशी का विशेष महत्व:** शास्त्रों में एकादशी व्रत का विशेष महत्व है। साल में 24 एकादशी आती हैं। साथ ही महीने में दो एकादशी पड़ती हैं, एक कृष्ण पक्ष तो दूसरी शुक्ल पक्ष। मान्यता है कि जो व्यक्ति पूरे दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की आराधना करता है। उसकी सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। साथ ही धन-समृद्धि की प्राप्ति होती है। वहीं इस बार वरुथिनी एकादशी गुरुवार को मनाई गई। साथ ही इस दिन लक्ष्मी नारायण राजयोग भी बन रहा है। जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। इस एकादशी का व्रत करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही ग्रहणकाल में किए गए स्वर्ण दान के बराबर पुण्य मिलता है।

# 26 अप्रैल को लोधा लववंशी क्षत्रिय समाज का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन



26 अप्रैल को लोधा लववंशी क्षत्रिय समाज का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 57 जोड़े बड़ेंगे परिणय सूत्र में जिसमे उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश और राजस्थान की बड़ी सामाजिक हस्तियां और राजनीतिक हस्तियां शामिल होगी और वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करेंगी.... सम्मेलन समिति के अध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी ने बताया की लोधा लववंशी क्षत्रिय समाज का निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल को विंध्यवासिनी माता मंदिर बड़ोदिया जागीर लखनवास के पास आयोजित होगा । जिसमें उत्तर प्रदेश से मान्य आचार्य महामंडलेश्वर डॉक्टर स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी जी महाराज सांसद एमपी सरकार के मंत्री श्री नारायणसिंह पंवार जी एमपी से श्री जालमसिंह पटेल पूर्व मंत्री लोधा लोधी समाज प्रदेश अध्यक्ष भोपाल, श्री कोकसिंह नरवरिया जी पूर्व निगम अध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष लोधा लोधी समाज श्री राजवीर सिंह राजू भैया पूर्व मंत्री/ पूर्व सांसद ,माननीय मुकेश राजपूत सांसद ,मान्य वीरेंद्र सिंह लोधी विधायक ,माननीय सीपी सिंह लोधी विधायक, माननीय हरिओम वर्मा विधायक ,माननीय महेश नरवरिया ,माननीय साहब सिंह राजपूत ,मनानीय चंद्रभान सिंह जी पूर्व सांसद , माननीय कोमल सिंह जांघेल पुर्व विधायक, माननीय देवेंद्र सिंह राजपूत विधायक, माननीय देवेंद्र सिंह लोधी विधायक और अनेक जन प्रतिनिधि और समाज के बंधु सम्मिलित होंगे। साथ ही मध्य प्रदेश से पूर्व मंत्री पूर्व विधायक श्री जालम सिंह जी पटेल ,पूर्व निगम अध्यक्ष श्री कोक सिंह जी नरवरिया ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह लोधा और मध्य प्रदेश के समस्त जिलों से जनप्रतिनिधि और सामाजिक बंधु सम्मिलित होंगे।






# पहलगाम घटना को लेकर पूरे देश में आक्रोश

## आतंकियों को समूल नष्ट करने उठी मांग, ऐसा सबक सिखाओ कि उनकी रूह कांप उठे

ब्यावरा। पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में ब्यावरा में सकल हिंदू समाज ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। पीपल चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में मृतक पर्यटकों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। मध्यप्रदेश के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने कार्यक्रम में कहा कि इतने बड़े हमले के बाद भी हिंदू समाज एकजुट नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ गद्दार हैं जो हमारा भेष धरकर दूसरों को जानकारी देते हैं। मंत्री ने हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। संत रघुनाथ दास महाराज ने कहा कि यह आतंकी हमला सुनियोजित था और देश के दुश्मन इसका प्रयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, डॉ. ओमप्रकाश सोनी, धर्मेंद्र शर्मा, चंद्रकांत त्रिपाठी और पवन कुशवाह, शिशुपाल राणा, बिहारीलाल चौधरी, हवलदार सिंह,कंचन सोनी, सुरजीत अजमानी, डॉ डीके गुप्ता, हर्ष तोमर सहित कई लोगों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश सेन ने किया। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने सरकार से आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की।

**सुनियोजित हमला उनका प्रयोग:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों का यह कायराना हमला एक प्रकार का प्रयोग है। वे इस प्रकार के प्रयोग करके हिंदू समाज को डराना चाहते हैं। लेकिन हिंदू समाज अब डरने वाला नहीं है। उन्होंने हिंदू समाज से संगठित होने का आह्वान किया और कहा कि यदि कोई हमारी शांति में विघ्न डालेगा तो हम उसे छोड़ने वाले नहीं है। हमें इस प्रकार का समाज तैयार करना होगा जो देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दे सके।

# जन आक्रोश रैली गुस्साए लोगों ने पाकिस्तान का पुतला फूंका, आतंकियों मिटाने रखी मांग



सुठालिया। नगर में गुरुवार शाम हिन्दू संगठनों ने जम्मू-कश्मीर पहलगाम के बेस राणा में मंगलवार वेकसुर पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में जन आक्रोश रेली निकालकर पाकिस्तान का पुतला फूंक। हिन्दू संगठन के लोगों द्वारा परला पुरा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर से हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए, नगर के मुख्य मार्गों से रेली निकालकर वस स्टेड पर पाकिस्तान का पुतला फूंक। आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर गोली मारने को लेकर भारी जन आक्रोश देखा गया। बस स्टेड पर आतंकी हमले में मारे गए सभी 28 लोगों को श्रद्धांजलि दी साथ ही घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना की।

# जल प्रदाय क्षेत्र घोड़ापछाड़ नदी का किया निरीक्षण

## गर्मी में जल संकट को देखते हुए सीएमओ सहित नगर पालिका टीम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**ब्यावरा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आगामी ग्रीष्म ऋतु के लिये ब्यावरा नगर की जल प्रदाय व्यवस्था का जायजा लिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद द्वारा उपयंत्री राहुल गुप्ता, जल शाखा प्रभारी रमेश यादव के साथ घोड़ा पछाड़ नदी पर स्थित जलालपुरा इंटेक वेल का निरीक्षण किया गया। पूर्व में इंटेक वेल पर संग्रहित जल समाप्त होने पर नगर पालिका द्वारा घोड़ा पछाड़ नदी में पोकलेन मशीन से नाली खुदवाकर गुना जिले की ओर से पानी को लिफ्ट किया गया था, जिस सार्थक प्रयास के कारण नगर पालिका द्वारा 15 मई तक का पेयजल संग्रहित किया गया है, जिसे घोड़ा पछाड़ गांव के पास से नाली बनाकर 1 कि मी दूरी पर स्थित जलालपुरा इंटेक वेल तक लिफ्ट किया जा रहा है। अनुमानित 15 मई के बाद संग्रहित पेयजल समाप्त होने पर मोहनपुरा परियोजना की पाइपलाइन के वाल्व खुलवा कर पेयजल संग्रहित कर ब्यावरा नगर की पेयजल आपूर्ति की जाएगी, जिसके लिये प्रयास किये जा रहे है।

## पूर्व शिक्षक को की श्रद्धांजलि अर्पित

**ब्यावरा।** गुरुवार को दिनेश धनगर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रांतीय शिक्षक संघ के पिताश्री का विगत दिवस देव लोक गमन पर आज गृह ग्राम बिसोनिया में जिला के डीपीसी आरके यादव, बीईओ दिलीप शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री रामचरण वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहित मीना, सीएसी अशोक जी यादव, संगठन के ब्लॉकआध्यक्ष गोपाल यादव आदि साथियों ने परिवार को दुःख की घड़ी में हालचाल जानते हुए सांत्वना देते हुए ओर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ़(ब्यावरा) म.प्र.

क्र।151/निर्वाह/2025 राजगढ़, दिनांक 20/04/2025

:: चतुर्थ ई–निविदा सूचना :: वर्ष 2025–26

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एंव म.प्र. भण्डर क्रय एंव सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथासंशोधित–2022) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु जेल में परिरूद्ध बंदियों के लिये दवाईया एवं पैथोलॉजी जाँच हेतु वार्षिक निविदा**(अल्पकालिक)** ई–टेण्डरिंग पद्धति (Online System) के माध्यम से आंमत्रित की जाती है।विस्तृत जानकारी सेन्ट्रल वेबसाईट https://www.mpeproc.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रीं–बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 25.04.2025 प्रातः 11:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि –(निविदा फार्म का मूल्य 1000/– रुपये प्रतिफार्म , राशि लेखा शीर्ष 0056,जेलें– 800 अन्य प्राप्तियां में आनलाईन जमा की जावेगी) | दिनांक 09.05.2025 शाम 06:00 बजे | वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त किये जा सकेगें। |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 09.05.2025 शाम 06:00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जायेगी। |
| 4. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की तिथि– | दिनांक 13.05.2025 दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. हेतु निविदा प्रस्तुत की गई हैं। |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 15.05.2025 दोपहर 12:00 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. हेतु निविदा प्रस्तुत की गई हैं। |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या आनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एंव उससे संबंधी समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक जिला जेल राजगढ़ द्वारा की जावेगी।

G-11898-25

प्रभारी जेल अधीक्षक
जिला जेल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरूण कुमार पटेल द्वारा अरुण ऑफसेट प्रिंटर्स, द मॉल शॉपिंग काम्प्लेक्स, कोलार रोड भोपाल से मुद्रित कराकर आनंद विद्या भारती स्कूल के सामने सिराज उद्दीन खान म.नं. 5 जिला राजगढ़ से प्रकाशित। **संपादकः** अरुण कुमार पटेल, **स्थानीय संपादकः इफ्तेखार उद्दीन खान,** मो. 9977442619 उप संपादक : कमरुद्दीन खॉन मो. 9425442435( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र राजगढ़ होगा।)